## मुख्य मार्ग, ओवरब्रिज व बरमान रोड से हटाया अतिक्रमण



### अतिक्रमण हटाने की बड़ी कार्रवाई से आमजन को मिली राहत

**करेली, देशबन्धु।** नगर पालिका करेली द्वारा नगर के प्रमुख मार्गों से अतिक्रमण हटाने की सघन कार्रवाई की गई। यह अभियान मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीकांत पाटर के निर्देशन में चलाया गया, जिसमें अतिक्रमण रोधी दस्ते ने शहर के अत्यंत व्यस्त मार्गों से अवैध कब्जों को हटाया।

कार्रवाई का मुख्य फोकस बरमान रोड, नरसिंहपुर रोड तथा ओवरब्रिज के नीचे की ओर रहा, जहां लंबे समय से अतिक्रमण के कारण ट्रैफिक बाधित हो रहा था और आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। हरई माता रोड,स्टेट बैंक वाली रोड से भी पूर्व में सड़क किनारे अस्थायी दुकानों, ठेलों व अन्य अतिक्रमणों को हटाकर रास्तों को चौड़ा किया गया, जिससे यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने में मदद मिलेगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीकांत पाटर ने बताया कि नगर को स्वच्छ, व्यवस्थित और सुगम बनाने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है। नगर पालिका समय-समय पर अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाकर नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध है।

नगरवासियों ने इस अभियान की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने में सहायक सिद्ध होगी और आम लोगों को राहत मिलेगी। अतिक्रमण हटने से अब शहर की सड़कों पर पहले से अधिक जगह और साफ-सफाई देखने को मिलेगी।

नगर पालिका द्वारा यह संदेश भी दिया गया कि सार्वजनिक स्थलों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे अभियान जारी रहेंगे।

## मनाया गया सिकल सेल एनीमिया जागरूकता दिवस

### सिकल सेल एनीमिया के प्रति जागरुकता बढ़ाने, उपचार एवं बचाव की दी जानकारी

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में सिकल सेल एनीमिया जागरूकता दिवस जिला चिकित्सालय के प्रशिक्षण केन्द्र नरसिंहपुर में मनाया गया। कार्यक्रम में सिकल सेल एनीमिया के प्रति जागरूकता बढ़ाने, उपचार एवं बचाव की जानकारी दी गई। इस दौरान सिकल सेल से ग्रसित मरीजों एवं बच्चों का परीक्षण कर उनकी जांच की गई और उन्हें फल वितरित किये। यहां मौजूद सभी ने सिकल सेल रोग के प्रति समुदाय में जागरूकता लाने और समय पर जांच करवाकर इसके दुष्परिणामों से बचाव करने का भी संकल्प लिया।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. श्याम सिंह ठाकुर एवं डॉ. देवेन्द्र रिपुदमन ने सिकल सेल एनीमिया के लक्षण के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि खून की कमी, मौसम बदलने पर बीमारी, थकावट एवं सांस फूलना, बार- बार बुखार आना, संर्दी-खांसी होना, हाथ- पैरों तथा जोड़ों में सूजन आना सिकल सेल एनीमिया के लक्षण हैं। उन्होंने रोग के लक्षण, बचाव एवं उपचार पर विस्तार से जानकारी दी। एक आनुवंशिक रक्त विकार है, जिसमें लाल रक्त कोशिकायें अर्द्धचंद्राकार हो जाती है और शरीर में ऑक्सीजन का संचार बाधित होता है। यदि किसी व्यक्ति को ऐसे लक्षण दिखते हैं, तो वे तुरंत ही सिकल सेल एनीमिया की जांच जरूर करवायें। जिला कम्युनिटी मोबिलाईजर मुकेश रघुवंशी एवं ब्लॉक कम्युनिटी मोबिलाईजर दीपेश नेमा ने बताया गया कि सिकल सेल दिवस पर जागरूकता बढ़ाने, जांच व उपचार कराने एवं बचाव के उपायों की जानकारी देने तथा प्रभावित लोगों के प्रति सहानुभूति प्रकट करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. जीसी चौरसिया, पैथोलॉजीस्ट डॉ. अमिता चर्तुवेदी, डॉ. प्रियंका नेमा, डॉ. देवेन्द्र रिपुदमन सिंह, स्वास्थ्य विभाग का अमला और आशा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सार-समाचार

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम कल

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** 21 जून को 11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस वृहद पैमाने पर आयोजित कर मनाया जायेगा। यह 11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रात: 6 बजे से प्रात: 7.45 बजे तक शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय स्टेडियम ग्राउण्ड नरसिंहपुर में जिला स्तरीय सामूहिक योग प्रदर्शन आयोजित किया जायेगा।

कार्यक्रम के सफल एवं सुचारू रूप से क्रियान्वयन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी नरसिंहपुर ने जिला समिति का गठन कर दायित्व सौंपे गये है।कार्यक्रम में अतिथि स्वागत समिति, समारोह की सम्पूर्ण व्यवस्था एवं मॉनीटरिंग समिति, मंच व्यवस्था समिति, मंच संचालन समिति, योग प्रदर्शन समिति, मैदान व्यवस्था समिति, बालक एवं बालिका वर्ग प्रभारी, स्वल्पाहार एवं पेयजल व्यवस्था व सहयोग समिति, डाटा फीडिंग समिति, प्रचार- प्रसार समिति व आभार समिति का गठन कर दायित्व सौंपे हैं।

जारी आदेश के अनुसार समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन कर 20 जून को प्रात: 11 बजे से एवं 21 जून को प्रात: 5.30 बजे से अपनी उपस्थिति उत्कृष्ट विद्यालय स्टेडियम ग्राउण्ड नरसिंहपुर में देना सुनिश्चित करेंगे।

### घर में घुसकर की मारपीट और तोड़फोड़, एक गिरफ्तार, बाकी फरार

**नरसिंहपुर-करकबेल, देशबन्धु।** गत् दिवस करकबेल समीपस्थ ग्राम मुंगली निवासी पत्रकारिता क्षेत्र में कार्यरत अंकित शुक्ला के परिवार में मिंटू रैकवार उर्फ मोहन रैकवार एवं सोनू रैकवार द्वारा घर घुसकर मारपीट एवं तोड़फोड़ की थी जिसमें पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया और अभी दूसरा आरोपी पुलिस की गिरफ्त से दूर है ।

अब सट्टा के क्षेत्र में काम कर रहे सटोरिए लोगों के हौसले इतने बुलंद हो गए है कि किसी के भी परिवार के साथ घर में घुसकर हमला कर रहे हैं बता दे की यह आरोपी जिला बदर भी है वर्तमान हालात यह है कि ठेमी थाने अंतर्गत आरोपियों पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। जिसमें पुलिस द्वारा सोनू रैकवार को बीते दिवस पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है और अभी मुख्य आरोपी मिंटू रैकवार उर्फ मोहन रैकवार अभी भी पुलिस को चकमा देते हुए फरार है।

### साइखेड़ा क्षेत्र में लग रहा लाखों का दाव

**गाडरवारा, देशबन्धु।** साईंखेड़ा थाना के अंतर्गत आने वाले ग्राम झिकोली में खेले जाने वाला जुआ फंड का संचालन फिर शुरू हो गया है। सूत्रों की माने तो प्रतिदिन लाखों रुपए के दाव लग रहे हैं। जिससे कि युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है।

यह खेल साईखेडा के थाना के अंतर्गत आने क्षेत्र झिकोली मै आकृति शुगर मिल के पास व रेत स्टाक के पीछे रात्रि में सजने लगा है। जुआ फड़ खेल आखिरकार किसके संरक्षण में खिलाया जा रहा है यहसब जानते है। प्रशासन की नाक के नीचे जुआड़ीयो की महफिल सजना अनेक संदेशों को जन्म देती है। पहले यही जुआ फंड झिकोली मार्ग पर और नर्मदा नदी के किनारे खेला जाता था, वहीं अज्ञात भय से जुआंडी ने अब स्थान बदला लिया है।अब नया स्थान रेत स्टाक के पीछे हो गया है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार रात 10 बजे से जुए का फंड सजने लगता है। जुआ खेलने वाले चार पहिया वाहन व मोटर साइकिल से पहुंचते हैं। बताया जाता है की जुआ खेलने वाले खिलाड़ी नरसिंहपुर जिले की सीमा से लगे हुए रायसेन जबलपुर जिले से जुआ खेलने आते हैं। जागरूक नागरिकों की मांग है सत्ता पक्ष के नेताओं तथा प्रशासन से ऐसे कृत्यों को रोकने की मांग की है।

## ऑल इंडिया लाइनस क्लब की बैठक आयोजित

**नरसिंहपुर, देशबन्धु ।** ऑल इंडिया लाइनस क्लब, जिला सी एम- 1 संपदा सत्र 2025 के अंतर्गत द्वितीय कैबिनेट मीटिंग का आयोजन अमरकंटक में किया गया। यह महत्वपूर्ण बैठक डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट अनीता कपूर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के 60 क्लबों के सदस्यों ने सहभागिता दर्ज कराई।



बैठक में नरसिंहपुर जिले से वीरांगना क्लब की अध्यक्ष सविता महोबिया, उपाध्यक्ष ममता नामदेव, और पूर्व एरिया ऑफिसर एवं संरक्षक अर्चना राय विशेष रूप से उपस्थित रहीं। जबलपुर एरिया ऑफिसर सुनीता जाटव ने जनवरी 2025 से मई 2025 तक नरसिंहपुर सहित अपने चार क्लबों द्वारा की गई उल्लेखनीय गतिविधियों की जानकारी डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट को अवगत कराई। कार्यक्रम में वीरांगना क्लब की अध्यक्ष सविता महोबिया ने संबोधन में कहा कि हमारे क्लब ने महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, और पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में सक्रिय योगदान दिया है। पूर्व एरिया ऑफिसर अर्चना राय ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में क्लब ने स्वास्थ्य शिविर, महिला उद्यमिता कार्यशालाओं और जरूरतमंदों को सहायता प्रदान करने जैसे कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

इस अवसर पर प्रतिभागियों ने समाज सेवा के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार साझा किए।

## एक्का योगा के साथ काया ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**नरसिंहपुर, देशाबन्धु ।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर काया योग एंड जूम्बा फिटनेस सेंटर की संचालिकाओं सुश्री इंदु सिंह एवं नमिता जनोरिया ने हमेशा की तरह एक अनोखे और नवाचारी तरीके से इस पर्व को मनाया। चिलचिलाती धूप और उमस भरी गर्मी से राहत दिलाने काया ने एक्का योगा के माध्यम से स्विमिंग पूल के जल में उतरकर योग के अद्भुत लाभों को प्रदर्शित किया और लोगों को इस प्राचीन कला के साथ जुड़ने के लिए प्रेरित किया। एक्का योगा सत्र में काया के सदस्यों नीता भारद्वाज, शिवांगी साहू, अंजू साहू, पूनम धुर्वे, उर्वशी पाठक, रानू श्रीवास्तव, राधा साहू, स्वाति सिंह, नीतू जायसवाल, प्रतिभा विश्वकर्मा, सुषमा साहू, रुचि नेमा, संचिता जैन, कीर्ति साहू, श्रद्धा शुक्ला, संगीता राम, अनामिका धाकड़, चारु नामदेव, कीर्ति पालीवाल, निधि नेमा, प्रीति डेहरिया, ताशी हीरानी, नितिका साहू, श्रद्धा नेमा, रीमा गुप्ता, पूजा नेमा, निधि गुप्ता, सुषमा धुर्वे, प्रेक्षा, सुनंदा, आरती सिंह, शिखा साहू और डॉ राजश्री पटेल आदि ने जल के प्राकृतिक प्रतिरोध और संतुलन का उपयोग करके विभिन्न योग आसनों को प्रदर्शित किया। इस सत्र में शामिल लोगों ने न केवल शारीरिक रूप से लाभ उठाया, बल्कि मानसिक शांति और तनावमुक्ति का भी अनुभव किया। एक्का योगा के दौरान, लोगों ने अपने शरीर को अधिक लचीला और मजबूत बनाने के साथ-साथ अपने मन को शांत और केंद्रित करने का अनुभव किया। इंटरनेशनल योग मास्टर सुश्री इंदु सिंह ने कहा, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर, हम एक्का योगा के माध्यम से लोगों को योग के लाभों से अवगत कराना चाहते हैं। इस अवसर पर काया ने लोगों से योग को अपने दैनिक जीवन में शामिल करने और इसके लाभों का अनुभव करने का आग्रह किया।

## गर्मी में बिजली का उपभोग बढ़ा, उपभोक्ता बढ़े बिल से परेशान

**गाडरवारा, देशबन्धु।** जून माह में नागरिकों के घरों में बिजली बिल पहुंचने के बाद शिकायतें भी बढ़ गई है। ज्यादातर उपभोक्ता बिजली कंपनी पर अधिक बिल भेजने की शिकायत कर रहे हैं। उपभोक्ताओं को संदेह है कि बिजली कंपनी ने टैरिफ दरें बढ़ा दी है या फिर गलती से ज्यादा बिल जारी किए हैं। हालांकि बिजली कंपनी इसे लंबे चले गर्मी के मौसम और बढ़ी हुई खपत का असर बता रही है। जून माह में लोगों के घरों में पहुंचे बिजली बिल आम तौर पर हर माह में आने वाले बिल से डेढ़ से दो गुना है। तमाम छोटे-बड़े उपभोक्ता इस बारे में शिकायत कर रहे हैं। बिलों में सुधार के आवेदन भी लगातार बिजली कंपनी के ऑफिस पर पहुंच रहे हैं। उपभोक्ताओं के बिलों में सुधार भी नहीं हो रहा। बिजली कंपनी के अनुसार बीते अप्रैल से जून तक लगातार शहर में तेज गर्मी का प्रभाव रहा।

### इस माह भी बिल अधिक आएगा

जून माह के आखिर में शहर में बरसात का असर देखने को मिला है। इससे पहले इस महीने में गर्मी का प्रकोप बना रहा। ऐसे में विशेषज्ञ कह रहे हैं कि अगले एक माह आने वाला बिजली का बिल भी भारी- भरकम होगा। ज्यादातर घरों में एसी-कूलर और पंखे पूरे समय चलते रहे। लिहाजा जुलाई में भी बिजली का बढ़ा हुआ बिल लोगों को झटका दे सकता है।

### उपकरण बढ़े तो बिल भी बढ़ गया

बिजली कंपनी के अनुसार जून माह में जारी हुए बिजली के बिल मई माह की खपत के हैं। तेज गर्मी के कारण लोगों के यहां बिजली का उपभोग 30 से 40 प्रतिशत बढ़ा। उस माह के बिल अब लोगों को मिले हैं, तो उन्हें बढ़ी खपत के कारण राशि भी ज्यादा लग रही है। उपभोक्ता अपने मीटर में खपत जांच लें। अगर, बिल की रीडिंग से असल मीटर रीडिंग अलग है, तो वो इस बारे में शिकायत कर सकता है। देखा जा रहा है कि इस साल लंबी गर्मियां चलने और अधिक तापमान लगातार रहने से खपत बढ़ी है। बाजार से रिकॉर्ड एयर कंडीशन बिकने की खबरें भी आई हैं। ऐसे में बढ़ी राशि के बिल आना स्वभाविक है।

## रानी लक्ष्मीबाई बलिदान दिवस मनाया गया

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय महिला जागृति मंच नरसिंहपुर इकाई द्वारा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विवेक पांडे, प्रदेश अध्यक्ष अरुणा दुबे की अगुवाई एवं जिला अध्यक्ष ज्योति तिवारी की अध्यक्षता में महारानी लक्ष्मीबाई बलिदान दिवस की 167वीं वर्षगांठ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत महारानी लक्ष्मीबाई के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।



महिला जागृति मंच का कार्यक्रम

कार्यक्रम में पांडे ने आज की महिलाओं को महारानी लक्ष्मीबाई से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने का आव्हान किया। हमें वीरांगनाओं को याद किया जाना चाहिए जिससे आज की महिलायें भी प्रेरणा लें व अपने सामाजिक, पारिवारिक दायरे के अनुरूप आगे बढ़े । प्रदेश अध्यक्ष अरुणा दुबे ने द्वारा महारानी लक्ष्मी बाई के राजनीतिक जीवन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला और बताया कि आप ठान लो कुछ भी तो असंभव को भी संभव कर सकती हो।

जिला अध्यक्ष ज्योति तिवारी ने रानी लक्ष्मीबाई की वीरता और साहस पर स्वरचित पंक्तियां पढीं और महिलाओं में प्रेरणा की अलख जगाई। सचिव नंदिता चौबे ने बताया महारानी लक्ष्मी बाई अकेली महिला थी फिर भी अंग्रेजों की गलत नीति के आगे नहीं झुकी वैसे ही हम महिलाओं को अपने फायदे के लिए गलत का साथ नहीं देना चाहिए वरन विरोध करना चाहिए। उक्त मौके पर उपाध्यक्ष पूर्णिमा शुक्ला, सपना शर्मा, कीर्ति पालीवाल, प्रियंका गोस्वामी, सुनीता राजपूत, सविता महोबिया मीना शर्मा सभी ने कविता के माध्यम से महारानी लक्ष्मीबाई की शौर्य गाथा का बखान किया। कार्यक्रम का मंच संचालन मंजूलता पांडे एवं मंजू दुबे एवं आभार जिला सचिव नंदिता चौबे द्वारा किया गया।जिला उपाध्यक्ष मंजू लता पांडे को विशिष्ट सम्मान से नवाजा गया। इस अवसर पर कीर्ति पालीवाल , प्रियंका गोस्वामी , भारती रघुवंशी, मीना शर्मा एवं सुश्री अन्वेषा शर्मा ने छोटी मनु का रूप धारण कर सभी का मन मोह लिया।सभी वीरांगनाओं को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित कविता दुबे, नीता भारद्वाज, संगीता बेदी, प्रीति गोस्वामी, रेणु नौरिया, सोनाली राय, स्मिता श्रीवास, प्रतिभा नामदेव बहनों का सहयोग रहा।

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं साधना बाई लोधी पति खुमान सिंह लोधी निवासी मकान नंबर 269 ग्राम पोस्ट आमर तहसील व जिला नरसिंहपुर (म.प्र.) मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश खुशलता लोधी (KHUSHLATA LODHI) नाम दर्ज हो गया है, जो कि गलत है जबकि मेरे जन्म प्रमाण पत्र और शैक्षणिक दस्तावेजों, परिचय पत्र, दाखिल खारिज, समग्र आईडी में साधना बाई लोधी (SADHNA BAI LODHI) पति खुमान सिंह लोधी नाम दर्ज है जो कि सही है. अतः प्रकाशन उपरांत मेरे सभी शासकीय / अशासकीय / व्यक्तिगत दस्तावेजों में साधना बाई लोधी पति खुमान सिंह लोधी के नाम से जाना-पहचाना एवं लिखा पढ़ा दर्ज किया जावे।

साधना बाई लोधी

### न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड गाडरवारा

( श्रीमान् अजय सिंह यादव )

रजनी बाई......................वादी

बनाम

नारायण सिंह बगैरह.............प्रतिवादीगण

RCSA-08/2023

आदेश दिनांक-24/04/2025

पेशी दिनांक 18/07/2025

**आम जनता को सूचना बावत**

इस न्यायालय में वादी रजनी बाई कौरव पुत्री स्व. श्री विजय सिंह कौरव पत्नी श्री लखनलाल कौरव हाल निवास पतलौन ( गांधी वार्ड गाडरवारा ), तहसील गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर ( म.प्र. ) ने नारायण कौरव बगैरह एक व्य.वाद क्र. 08अ / 2023 प्रस्तुत किया है जिसमें आप प्रतिवादी क्रम ( 9 ) श्रीमती लताबाई पत्नी श्री कैलाश कौरव, निवासी ग्राम रायपुर, तहसील गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर ( म.प्र. ), हाल निवास झिरना रोड, नेहरू वार्ड कुंवर मुंशी के मकान के पीछे नरसिंहपुर, तहसील व जिला नरसिंहपुर ( म.प्र. ) को, इस इश्तहार प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आप पेशी दिनांक 18/07/2025 को समय 11.00 बजे इस न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से जिसको समस्त तथ्यों की जानकारी हो, उपस्थित रहे। आपके अनुपस्थित रहने पर आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही कर प्रकरण का निराकरण कर दिया जावेगा।

नोट - यदि पेशी दिनांक को न्यायालय में अवकाश रहता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी तिथि पर होगी तिथि उपरांत किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

गाडरवारा, दिनांक 19/06/2026

प्रो. नं. 116/2025

( श्रीमान् अजय सिंह यादव )
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश
वरिष्ठ खण्ड, गाडरवारा

## पर्यावरण प्रेमी का सम्मान कर ली पौधरोपण की प्रेरणा

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** राम जानकी मंदिर धनारे कालोनी नरसिंहपुर में वरिष्ठ जन परिषद की बैठक आयोजित की गई। मां सरस्वती के नमन व हनुमान चालीसा पाठ से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। वरिष्ठ सदस्यों में पं.एम एल हरदेनिया सी बी शर्मा गणेश कुमार चतुर्वेदी डा.महेश त्रिपाठी आर के श्रीवास्तव प्रभात राय बी एस पटेल एस के चतुर्वेदी अनिल राय विजय शर्मा देवेन्द्र दुबे ने विगत वर्ष की तरह इस वर्ष भी परिषद द्वारा अधिकाधिक संख्या में वृक्षारोपण और उनके रखरखाव की पहल की।



उन्होंने कहा कि हम मां पिताजी सहित बुजुर्गो की स्मृति में वृक्षारोपण करें। जन्मोत्सव सालगिरह सहित अन्य मौकों पर भी वृक्षारोपण करें। साहित्यकार कवि अशोक त्रिपाठी ने वृक्षे रक्षति रक्षित का संदेश देते हुए अपने कविता पाठ से सभी को वृक्षारोपण की प्रेरणा यूं दी।

इस अवसर पर वन विभाग से सेवानिवृत्त और पर्यावरण वृक्षारोपण पर निरंतर कार्य करने बाले भाई मानक सिंह जी पटेल का उनके जन्मोत्सव पर परिषद द्वारा पुष्पमाला शाल श्रीफल से स्वागत सम्मान व अभिनंदन किया गया। आयोजन में राजेन्द्र सिंह पटेल राजेन्द्र राय अरुण खरे मदन श्रीवास्तव नारायण श्रीवास्तव अशोक वर्मा डा केदार गुप्ता देवेन्द्र दुबे भवानी शर्मा दिनेश श्रीवास्तव बी एस पटेल प्रभात राय अनिल राय रमेश मेहरा छत्रपाल कोरी के आर नामदेव संतोष शर्मा बी एस पटेल सहित अनेक वरिष्ठ जन उपस्थित थे। संचालन पं.गणेश चतुर्वेदी और आभार प्रदर्शन अरुण कुमार खरे ने किया।


**मार्केट वॉच गाडरवारा**

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

Sara Group of Institutions

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए